**शासन विरूद्ध शिवकुमार**
**दां0प्र0क0 01/2018**

Witness no. **01** for **अभियोजन साक्ष्य** deposition taken the **06.04.2018** day of **शुकवार** witness apparent age **25** Year state on affirmation **शपथपूर्वक** my name is **देवकुमार कोशले** Son, W/o of **हेतराम कोशले** Occupation **मैकेनिक** address **ग्राम–करमनडीह थाना–जैजेपुर, जिला जांजगीर–चाम्पा छ.ग.**

**TIME 12:25 PM**

**1.** मैं प्रकरण में आरोपी को जानता पहचानता हूं। आरोपी मेरा भाई है। घटना आज से लगभग 1 साल पूर्व की है। घटना दिनांक को रात लगभग 10.30 बजे आरोपी जो कि मेरा भाई उसने फोन कर मुझे बताया कि करमनडीह के खाले नरवा में मो0सा0 से गिर कर एक्सीडेट हो गये है तुम जल्दी आओं। तब मै तत्काल सायकल से घटना स्थल पर पहुचा। वहा मैने देखा कि मेरी भाभी गीता कोशले थी वह बेहोश थी या होश में थी मै नही जानता हूं। उसको उठा कर घर लाये और चार पहिया वाहन का व्यवस्था कर तत्काल जैजैपुर हास्पिटल लाये थे। जैजेपुर हास्पिटल मे गीता कोशले को मृत घोषित कर दिया। मैने उक्त संबंध मे पुलिस को बयान दिया था। यही मेरा कथन है।

**<u>प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री आर0 एल0 रात्रे अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त</u>**

**2.** यह कहना सही है कि घटना मो0सा0 के बैल से टकराने पर एक्सीडेट हुई थी ऐसा मुझे आरोपी ने बताया था। यह कहना सही है कि घटना के समय मै घटना स्थल पर उपस्थित नही था। मै घटना घटित होते हुये नही देखा हूं। यह कहना सही है कि पुलिस वाले मेरे बयान को मुझे पढकर नही सुनाया था।

वांचित, सही, स्वीकृत

**सही/–**
श्रीमती चंद्रकला देवी साहू
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जैजैपुर
जिला–जांजगीर–चाम्पा छ0ग0

मेरे निर्देश पर टंकित किया गया।

**सही/–**
श्रीमती चंद्रकला देवी साहू
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जैजैपुर
जिला–जांजगीर–चाम्पा छ0ग0